# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गाजीपुर–233001**

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com

जल सारथी


पत्रांक 1627 / पेयर कोटेश / 42 दिनांक–11/09/26

**सेवा में**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय–** **दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक "रेवतीपुर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन से पानी बर्बाद, कम गुणवत्ता वाली टोटियों से लोग परेशान, नहीं मिल रहा नियमित सप्लाई" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक "रेवतीपुर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन से पानी बर्बाद, कम गुणवत्ता वाली टोटियों से लोग परेशान, नहीं मिल रहा नियमित सप्लाई" की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक–13.08.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि नीर निर्मल परियोजना के तहत रेवतीपुर पेयजल योजना के द्वारा पेयजल आपूर्ति चालू है। वर्तमान में कैम्पस में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से मोटर पम्प बन्द कर दिये गये है। बाढ़ के दौरान सप्लाई से दूषित पानी से बचने के लिए सुरक्षात्मक दृष्टि से किया गया है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि गृह संयोजन करते समय सभी कनेक्शन में टोटी लगाई गयी थी, जिसमें से कुछ टोटियां क्षतिग्रस्त हो गयी है। वर्तमान में संचालन एवं अनुरक्षण हेतु शासन से नामित एजेन्सी मेसर्स सरला के0पी0आई0एल0, हैदराबाद के द्वारा टोटियों का मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। कैम्पस से बाढ़ का पानी कम होने के उपरान्त पुनः पेयजल आपूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0: / / दिनाँक:

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, गाजीपुर।
3. मुख्य अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गाजीपुर।
6. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, गाजीपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

# <u>रेवतीपुर पेयजल योजना के फोटोग्राफ</u>










